हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 15 जून 2026
[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 महिलाओं ने फूंका शराबबंदी का बिगुल



08 टीईटी परीक्षा पर 18 को पीएम के नाम मांगों का...



## खबर संक्षेप

### मत्स्याखेट, परिवहन एवं विपणन पूर्णतः प्रतिबंधित

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा 3(2) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है। इस अवधि में अवैधानिक मत्स्याखेट, मत्स्य परिवहन एवं मत्स्य विपणन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जारी अधिसूचना के अनुसार बंद ऋतु के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध मछली पकड़ने की गतिविधि, मत्स्य परिवहन अथवा मत्स्य विक्रय करना दंडनीय अपराध माना जाएगा। संबंधित प्रावधानों के उल्लंघन की स्थिति में मध्यप्रदेश मत्स्य क्षेत्र संशोधन अधिनियम 1981 की धारा 5 के अंतर्गत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष तक का कारावास अथवा पांच हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किए जाने का प्रावधान है।

### पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम जिले में क्षीर धारा ग्राम योजना अंतर्गत दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने तथा हितग्राही आधारित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से चयनित ग्रामों में पशु चिकित्सा शिविर एवं जागरूकता सगोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है।

### नई तकनीकी का सार्थक उपयोग कर अपराधियों पर लगा रहे लगाम

# डिजिटल चक्रव्यूह में फंसे अपराधी पहचान बदलना भी नहीं आया काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कानून की गिरफ्त से बचने के लिए आरोपियों ने अपनी पहचान, नाम और ठिकाने तक बदल लिए, लेकिन रेलवे सुरक्षा बल की आधुनिक तकनीक के आगे उनकी चालाकी धरी की धरी रह गई। पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल की आरपीएफ टीम ने 'इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम' का बेहतरीन उपयोग करते हुए वर्षों से फरार 6 स्थायी वारंटियों को दबोचने में बड़ी सफलता हासिल की है। यह पूरी कार्रवाई वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ. अभिषेक के मार्गदर्शन में अंजाम दी गई। इसके तहत आरपीएफ इटारसी पोस्ट प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार पाण्डेय ने अपनी कस्टडी में लंबित 3 मामलों के फरार आरोपियों को दबोचा। वहीं, आरपीएफ भोपाल प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार ने भी अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार 3 अन्य आरोपियों को तलाश कर न्यायालय में पेश किया।

रेलवे पुलिस द्वारा आधुनिक तकनीकी के सहारे आरोपियों को पकड़ने में मदद ली है।



### तकनीक के जाल में फंसे शातिर आरोपी

पकड़े गए आरोपियों में से एक हुलिया बदलकर पहचान छुपा रहा था, दूसरे ने अपना स्थाई पता बदल लिया था, जबकि तीसरे ने गिरफ्तारी से बचने के लिए अपना नाम तक बदल डाला था। लेकिन आरपीएफ ने हार नहीं मानी और आईसीजेएस पोर्टल के जरिए आरोपियों के अद्यतन फोटो, नए पते और डिजिटल रिकॉर्ड खंगालकर उनकी सटीक पहचान की और उन्हें धर दबोचा। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ. अभिषेक ने इस सफलता पर कहा कि आईसीजेएस पोर्टल आधुनिक कानून प्रवर्तन व्यवस्था में एक प्रभावी फोर्स मल्टीप्लायर साबित हो रहा है।

### इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम

यह भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा शुरू किया एक बेहद आधुनिक और सुरक्षित डिजिटल प्लेटफॉर्म है। इसका मुख्य उद्देश्य देश की पूरी आपराधिक न्याय प्रणाली के अलग-अलग स्तंभों को आपस में जोडना है, ताकि अपराधियों और मुकदमों से जुड़ा डेटा एक क्लिक पर सभी संबंधित विभागों को मिल सके। सरल शब्दों में कहें, तो यह पुलिस, कोर्ट और जेलों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए बनाया गया एक 'साझा डिजिटल नेटवर्क' है।

### आईसीजेएस के तहत जुड़े मुख्य 5 स्तंभ

पुलिसः एफआईआर, चार्जशीट और अपराधियों का पुराना रिकॉर्ड।
ई-कोर्ट : अदालतों में लंबित मामले, पेशी की तारीखें और कोर्ट के फैसले।
ई-प्रिजन : बंद कैदियों का ब्यौरा, उनकी तस्वीरें और पैरोल का रिकॉर्ड।
फॉरेंसिक : लैब जांच की रिपोर्ट और वैज्ञानिक साक्ष्य।
अभियोजन : सरकारी वकीलों और केस की पैरवी से जुड़ा डेटा।

### कैसे 'तीसरी आंख' का काम करता है?

जैसा कि हाल ही में आरपीएफ की कार्रवाई में देखने को मिला, यह सिस्टम पुलिसिंग को बेहद हाईटेक बना देता है। इसके मुख्य फायदे निम्नलिखित हैं। पहचान छुपाना नामुमकिन : यदि कोई अपराधी किसी एक राज्य (जैसे उत्तर प्रदेश या महाराष्ट्र) में अपराध करके अपना नाम, पता या हुलिया बदलकर मध्य प्रदेश (जैसे इटारसी या भोपाल) में छुप जाता है, तो भी पुलिस इस पोर्टल पर उसके पुराने फिंगरप्रिंट, फोटो या हुलिए के रिकॉर्ड से उसकी असली पहचान तुरंत पकड़ लेती है।

## अवैध उत्खनन में संलिप्त वाहन सहित संग्रहित रेत भी की जब्त

### खनिज विभाग ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सख्त कार्यवाही निरंतर जारी है। खनिज विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध उत्खनन में संलिप्त व्यक्तियों पर जुर्माना अधिरोपित किया जा रहा है तथा संबंधित वाहनों को जप्त कर नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में ग्राम रायपुर तहसील नर्मदापुरम में रेत का अवैध उत्खनन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया गया। जप्त वाहन को पुलिस थाना देहात में अभिरक्षा में रखा गया है। वहीं ग्राम आंचलखेड़ा तहसील माखननगर स्थित तवा पुल के पास रेत के अवैध उत्खनन की शिकायत पर राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण एवं निगरानी रखकर कार्रवाई की जा रही है। उक्त क्षेत्र से डंपर क्रमांक MP04HE5029 को जप्त कर नियमानुसार कार्यवाही की गई थी। खनिज विभाग के दल द्वारा क्षेत्र का निरीक्षण भी किया गया।

खनिज अमले द्वारा तवा पुल के समीप नदी क्षेत्र में रेत परिवहन हेतु बनाए गए संभावित अस्थायी मार्गों को भी ध्वस्त कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त समीपस्थ ग्राम मनवाड़ा में शासकीय भूमि पर संग्रहित लगभग 960 घन मीटर रेत को जप्त किया गया है। प्रशासन द्वारा संबंधित क्षेत्रों में सतत निगरानी रखी जा रही है, ताकि रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

## पचमढ़ी में मानसून के बीच खेल, पर्यटन और रोमांच का अनूठा संगम, 26 जुलाई को मैराथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल पचमढ़ी में आगामी 26 जुलाई को आयोजित होने वाली आठवीं पचमढ़ी मानसून मैराथन खेल, पर्यटन और प्रकृति प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनने जा रही है। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड, जिला प्रशासन एवं एडवेंचर्स एंड यू के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह मैराथन सतपुड़ा की हरी-भरी वादियों, घने जंगलों, झरनों और बादलों से घिरे प्राकृतिक परिवेश के बीच प्रतिभागियों को एक यादगार अनुभव प्रदान करेगी।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन ने बताया कि पचमढ़ी प्रकृति की अनुपम देन है और जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के सहयोग से आयोजित यह मैराथन देशभर के धावकों और पर्यटकों को पचमढ़ी से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है। प्रशासन द्वारा प्रतिभागियों की सुरक्षा, यातायात एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

रेस डायरेक्टर मितेश राम्भिया के अनुसार इस वर्ष नागपुर के 500 से अधिक धावक मैराथन में भाग लेने पहुंचेंगे। विश्वस्तरीय मानकों पर आयोजित इस प्रतियोगिता को वर्ल्ड एथलेटिक्स तथा एआईएमएस (एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन्स एंड डिस्टेंस रेस) से प्रमाणित किया गया है। प्रतियोगिता 5, 10, 21 और 42 किलोमीटर की चार श्रेणियों में आयोजित होगी। देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों ने भी मैराथन के लिए पंजीयन कराया है।

### आम महोत्सव 16 जून को वायसन लॉज में होगा

**नर्मदापुरम।** उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग एवं जिला प्रशासन नर्मदापुरम द्वारा आगामी 16 जून 2026 को पचमढ़ी स्थित वायसन लॉज में "आम महोत्सव" का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में नर्मदापुरम जिले में निजी क्षेत्र, शासकीय उद्यानों तथा प्राकृतिक रूप से उत्पादित आम की विभिन्न उत्कृष्ट किस्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। आम महोत्सव के माध्यम से पर्यटकों एवं आमजन को जिले में उत्पादित विभिन्न किस्मों के आमों जैसे लंगड़ा, दशहरी, आम्रपाली, मल्लिका, चौसा, बाम्बेग्रीन आदि से परिचित कराया जाएगा।

## पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया, समाधान के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने शहर के विभिन्न वार्डों का दौरा कर नागरिकों से सीधे संवाद किया तथा उनकी समस्याओं को मौके पर जाकर सुना। उन्होंने अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय भ्रमण कर पेयजल आपूर्ति, जल निकासी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नपा अध्यक्ष ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना नगर पालिका की जिम्मेदारी है और इसके लिए लगातार मैदानी स्तर पर निगरानी की जा रही है।



निरीक्षण के दौरान पंकज चौरे वार्ड क्रमांक 17 के जाटव मोहल्ले पहुंचे, जहां नगर पालिका द्वारा दो गलियों में टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से चर्चा कर पानी की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की जानकारी ली। क्षेत्रवासियों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा नियमित रूप से टैंकरों के माध्यम से पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उन्हें राहत मिल रही है। नागरिकों ने इस व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए नगर पालिका का आभार जताया।

इसके पश्चात नपा अध्यक्ष वार्ड क्रमांक 16 स्थित पानी की टंकी क्षेत्र पहुंचे, जहां अंतिम छोर के कुछ घरों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंचने की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। उन्होंने मौके पर पहुंचकर क्षेत्र की महिलाओं एवं नागरिकों से चर्चा की और वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ स्थानों पर जलापूर्ति प्रभावित हो रही है। इस पर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल आवश्यक तकनीकी सुधार करने तथा समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी नागरिक को पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा के लिए परेशान नहीं होना चाहिए।

## हॉकी टर्फ ग्राउंड और हॉकी टर्फ पर खिलाड़ियों की सुविधाओं के लिए खेल मंत्री को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पूर्व नपाध्यक्ष डॉ. अखिलेश खंडेलवाल ने मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग को नगर आगमन पर पत्र देकर नर्मदापुरम एवं इटारसी के हॉकी खिलाड़ियों के लिए बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। डॉ. खंडेलवाल ने बताया कि नर्मदापुरम हॉकी टर्फ ग्राउंड पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी नियमित अभ्यास करते हैं, लेकिन आवश्यक सुविधाओं के अभाव में उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों के हित में पांच प्रमुख मांगें रखीं।



मांगों में नर्मदापुरम हॉकी टर्फ ग्राउंड पर फ्लड लाइट स्थापना प्रमुख है, ताकि खिलाड़ी शाम एवं रात्रि के समय भी अभ्यास कर सकें। उन्होंने उल्लेख किया कि यह कार्य पूर्व में स्वीकृत योजना में भी शामिल रहा है।

इसके अलावा दर्शकों, प्रशिक्षकों एवं अधिकारियों के लिए छायादार बैठक व्यवस्था बनाने, खिलाड़ियों के अभ्यास हेतु पेनाल्टी कॉर्नर प्रशिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने तथा हॉकी टर्फ ग्राउंड की सुरक्षा एवं रखरखाव के लिए स्थायी चौकीदार नियुक्त करने की मांग की गई है। डॉ. खंडेलवाल ने पत्र में यह भी आग्रह किया कि इटारसी में सर्वसुविधायुक्त हॉकी टर्फ ग्राउंड की स्थापना की जाए, जिससे वहां के खिलाड़ियों को भी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण एवं अभ्यास का अवसर मिल सके।

## न्यास चौपाल सजेगी, नागरिकों की समस्या का होगा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

न्यास कॉलोनी के समग्र विकास और स्थानीय समस्याओं के स्थायी निराकरण के लिए न्यास मोहल्ला समिति द्वारा आगामी रविवार, 21 जून 2026 को शाम 4 बजे दुर्गा मंदिर परिसर में न्यास चौपाल, समस्या और समाधान जनता के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर ने बताया कि इस अनूठी चौपाल का मुख्य उद्देश्य केवल समस्याएं गिनाना नहीं, बल्कि नागरिकों के साथ खुली चर्चा कर सामूहिक रूप से उनके समाधान खोजना है। कार्यक्रम में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे को भी आमंत्रित किया जा रहा है, ताकि जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच सीधा संवाद स्थापित हो सके और समस्याओं पर त्वरित पहल की जा सके।

चौपाल के दौरान वार्ड में विगत वर्षों में कराए विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी और नागरिकों के समक्ष इसका लेखा-जोखा रखा जाएगा। इसके साथ ही क्षेत्र में स्वच्छता, सुरक्षा, पेयजल, सड़क, बिजली और नाली जैसी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए स्थानीय निवासियों, युवाओं और वरिष्ठजनों से महत्वपूर्ण सुझाव लिए जाएंगे।

## जिले में बीआईएस नपा द्वारा संचालित स्वसहायता समूहों को दे रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारतीय मानक ब्यूरो के भोपाल शाखा कार्यालय द्वारा संजय नगर ग्वालटोली में एक विशेष संवेदीकरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। मेकलसुता स्वसहायता समूह यह समूह शहद निर्माण एवं विपणन का कार्य कर रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समूह के सदस्यों के बीच भारतीय मानकों को अपनाकर शहद एवं अन्य उत्पादों की गुणवत्ता, सुरक्षा और विश्वसनीयता के महत्व के प्रति जागरूकता पैदा करना था, जिसके अंतर्गत संबंधित मानकों पर विस्तार से चर्चा की गई। डे एनयूएलएम की सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले और सभापति महिमा रोहित गौर के निर्देशन में स्वसहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



कार्यक्रम के दौरान सदस्यों को उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने, उपभोक्ताओं का विश्वास अर्जित करने तथा बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने के लिए मानकीकरण के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षकों द्वारा समूह के सदस्यों की शंकाओं एवं प्रश्नों का समुचित समाधान किया गया। स्व सहायता समूह के सदस्यों ने भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रदान की गई। इस पहल के लिए बीआईएस का आभार व्यक्त किया।

## नरवाईः माखननगर में 3 कृषकों पर लगाया जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं पर सतत निगरानी रखते हुए सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में तहसील माखननगर अंतर्गत मूंग का डंठल कचरा (नरवाई) जलाने वाले 03 किसानों पर जुर्माना अधिरोपित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम आंचलखेड़ा के 03 कृषकों द्वारा मूंग की नरवाई जलाए जाने पर एसडीएम नर्मदापुरम द्वारा प्रत्येक कृषक पर 2500-2500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। प्रशासन द्वारा संबंधित कृषकों की जानकारी एकत्रित कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही नरवाई प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों एवं वैकल्पिक उपायों की जानकारी भी किसानों को उपलब्ध कराई जा रही है।

### 51 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा की

## नियुक्तिः पूज्य पंचायत सिंधी समाज की 51 सदस्यीय नई कार्यकारिणी घोषित, कैलाश अध्यक्ष और मनीष बने सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पूज्य पंचायत सिंधी समाज इटारसी की नई और सशक्त 51 सदस्यीय कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। समाज को नई ऊर्जा और सही दिशा देने के संकल्प के साथ इस बार अनुभवी और युवा चेहरों के तालमेल से एक बेहद संतुलित टीम तैयार की गई है। इस घोषणा के बाद से पूरे समाज में हर्ष का माहौल है।

कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए समाज के वरिष्ठ जनों को मार्गदर्शक मंडल में शामिल किया गया है। इसमें मोहनलाल मोरवानी, मोहनलाल चेलानी और अशोक लालवानी को संरक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं समाज की कमान सौंपते हुए कैलाश नवलानी को अध्यक्ष, श्याम शिवदासानी को महामंत्री, मनीष वसानी को सचिव और विजय परयानी को कोषाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।



संगठन को मजबूती देने और प्रशासनिक कार्यों के सुचारू संचालन के लिए उपाध्यक्ष पद पर श्रीचंद खुरानी, अर्जुनदास नवलानी, अनिल मिहानी, राहुल चेलानी, जय चेलानी और नरेश गंगलानी को मनोनीत किया गया है। इसके साथ ही नंदलाल चेलानी को सहसचिव और ओम सोनी को सह कोषाध्यक्ष का दायित्व मिला है। पंचायत की पारदर्शिता और कानूनी मामलों की देखरेख के लिए संतोष गुरयानी को विधिक सलाहकार और मनोज रामचंदानी को ऑडिटर नियुक्त किया गया है। समाज की बात और निर्णयों को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए वासुदेव खुरानी को प्रवक्ता बनाया गया है।

संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय करने के लिए सुरेश नंदवानी को संगठन मंत्री और मप्पन लालवानी को सहसंगठन मंत्री बनाया गया है। इसके अलावा समाज के विभिन्न सामाजिक और धार्मिक आयोजनों के लिए विशेष समितियों का गठन भी किया गया है, जिसमें गौरव फुलवानी को उत्सव समिति अध्यक्ष, सुशील मेघानी को पादुका सेवा समिति अध्यक्ष और मनीष सेतपालानी को खेल समिति अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

इन प्रमुख चेहरों सहित कुल 51 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि इस पूरी टीम का मुख्य उद्देश्य सिंधी समाज की सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखना, सामाजिक कल्याण के कार्यों को गति देना, और युवाओं को खेल व शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढने के लिए बेहतर मंच प्रदान करना होगा।

## पचमढ़ी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम द्वारा कार्यालय मुख्य अधिशासी अधिकारी, छावनी परिषद पचमढ़ी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मानव सेवा एवं जीवन रक्षा के इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया। शिविर के दौरान कुल 42 स्वैच्छिक रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। सिविल सर्जन डॉ. सुनीता कामले, आर एम ओ डॉ. गजेंद्र यादव एवं पैथोलॉजिस्ट डॉ. इज़हार खान के मार्गदर्शन मे जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम की रक्तकोष टीम द्वारा रक्तदान की समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। शिविर में जिला चिकित्सालय की ओर से डॉ. अदिति अग्रवाल, लेब टेक्नीशियन पंकज शर्मा, शुभम कटारे आदि शामिल रहे।

**खबर संक्षेप**

### दो बाइकों की भिड़ंत, एक व्यक्ति की मौत, दो लोग घायल

**बैतूल।** झल्लार थाना क्षेत्र के गोरेगांव नादरा रोड पर दो बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बैतूल रेफर किया है। जानकारी के अनुसार, भादूगांव निवासी सुरेश पांसे (42 ) अपने गांव से बाइक से खाद लेने भैंसदेही जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर गोरेगांव निवासी राहुल पाल (22 ) और कार्तिक तंडीलकर (22 ) सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुरेश पांसे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को निजी वाहन से जिला अस्पताल बैतूल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही झल्लार पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच प्रारंभ कर दी है।

### प्रशासन ने जारी किया नो-ड्रोन आदेश

**बैतूल।** भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 18 जून 2026 को बैतूल जिले के दौरे पर आएंगी। राष्ट्रपति लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा आयोजित आध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज का सशक्तिकरण विषयक विशाल आदिवासी महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी और कार्यक्रम को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के प्रस्तावित प्रवास को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, 18 जून को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक बैतूल अनुविभाग क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति, संस्था या संगठन द्वारा ड्रोन, यूएवी (अनमैन्ड एरियल व्हीकल) अथवा अन्य उडऩे वाले उपकरणों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

### आधा दर्जन सार्वजनिक कुएं हार चुके अस्तित्व की लड़ाई

# बरसों तक मुलताईवासियों की प्यास बुझाने वाले कुएं तोड़ रहे हैं दम!



**असलम अहमद ▶▶ मुलताई**

पवित्र नगरी मुलताई के वे कुएँ, जिनका जल पीकर अनेकों पीढ़ियाँ पली-बढ़ीं और जो वर्षों तक नगर की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपराओं के साक्षी रहे, आज उपेक्षा के कारण अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कभी नगरवासियों की प्यास बुझाने वाले ये परंपरागत जल स्रोत आज कहीं कचरे के ढेर में तब्दील हो चुके हैं तो कहीं मलबे के नीचे दबकर अपनी पहचान खो चुके हैं। जब-जब शासन द्वारा परंपरागत जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए योजनाएं शुरू की जाती हैं, तब नगर के ये ऐतिहासिक कुएँ मानो पुनर्जीवन की आशा से प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर देखते हैं। दुर्भाग्य से योजनाएं आती हैं और चली जाती हैं, लेकिन इन जल स्रोतों की स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं हो पाता। ताप्ती तट से प्रतिवर्ष जिला स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया जाता है। इस अभियान का उद्देश्य तालाबों, नदियों, बावड़ियों और कुओं का संरक्षण एवं पुनर्जीवन है, किंतु इस वर्ष भी यह अभियान नगर के दम तोड़ते कुओं को नई जिंदगी देने में असफल दिखाई दिया। नगर के दर्जनों कुएँ आज भी किसी भागीरथ की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जो उन्हें पुनः जीवनदान दे सके।

#### आधा दर्जन से अधिक कुएं हो चुके हैं समाप्त

नगर के आधा दर्जन से अधिक सार्वजनिक कुएँ पूरी तरह समाप्त हो चुके हैं या उनका अस्तित्व तलाशना मुश्किल हो गया है। बदलती जीवनशैली, भूजल दोहन और प्रशासनिक उपेक्षा के कारण ये जल स्रोत इतिहास बनते जा रहे हैं। पटेल वार्ड में पुराने अस्पताल के सामने स्थित प्राचीन कुआँ अब पूरी तरह समाप्त हो चुका है। सिविल लाइन स्थित हाई स्कूल मैदान का ऐतिहासिक कुआँ भवन निर्माण कार्य के दौरान मलबा भरकर बंद कर दिया गया। इसी प्रकार प्राचीन ताप्ती मंदिर गली में शिवचरण सेठ के मकान के पीछे स्थित कुआँ भी बंद कर दिया गया है। पुलिस लाइन क्षेत्र में स्थित मीठे पानी का प्रसिद्ध कुआँ एक वर्ष पूर्व बाउंड्रीवाल निर्माण के दौरान कचरा एवं मलबा डालकर समाप्त कर दिया गया। आज उसके अवशेष भी मुश्किल से दिखाई देते हैं। नाका नंबर-1 स्थित पुराने आरटीओ कार्यालय के सामने बना सार्वजनिक कुआँ भी अब इतिहास का हिस्सा बन चुका है। नगर में जो कुएँ अभी शेष हैं, उनमें से अधिकांश रखरखाव के अभाव में कचरे से भर चुके हैं और धीरे-धीरे समाप्ति की ओर बढ़ रहे हैं।

#### मामा जी का सदाबहार कुआं आज भी बुझा रहा प्यास

फव्वारा चौक स्थित प्रसिद्ध मामा जी का कुआँ कभी नगरवासियों के लिए जीवनदायिनी धरोहर माना जाता था। भीषण गर्मी के दिनों में भी इस कुएँ का जल कभी नहीं सूखता था और सैकड़ों परिवारों की प्यास बुझाता था। वर्तमान में भी अनेक परिवार इस कुएं के पानी का उपयोग कर रहे हैं। स्थानीय नागरिक राजा खंडेलवाल बताते हैं कि कुछ वर्ष पूर्व समाज के लोगों ने मिलकर इसकी सफाई करवाई थी, लेकिन नगरपालिका द्वारा आज तक इसके संरक्षण के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। उनका कहना है कि यदि कुएँ की गहराई बढ़ाकर इसकी नियमित सफाई कराई जाए तथा यहाँ हेडपंप स्थापित किया जाए तो यह आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी साबित हो सकता है।

### सुभाष वार्ड और एसडीओपी कार्यालय के कुएं बन सकते हैं मिसाल



सुभाष वार्ड में रामदास देशमुख निवास के समीप स्थित कुआँ आज भी वर्षभर जल उपलब्ध कराता है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार इस कुएँ का पानी आज भी मोहल्ले के लोग उपयोग में लेते हैं। गायत्री परिवार एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े रामदास देशमुख बताते हैं कि यदि नगर पालिका इस कुएँ के संरक्षण, सफाई और गहरीकरण की योजना बनाए तो यह क्षेत्र के सैकड़ों लोगों के लिए लाभदायक साबित हो सकता है। इसी के सामने स्थित एसडीओपी कार्यालय परिसर का कुआं भी कभी उपयोगी जल स्रोत हुआ करता था। कुछ वर्ष पूर्व तत्कालीन एसडीओपी साकल्ले ने कार्यालय परिसर में व्यापक वृक्षारोपण कराया था तथा कुएँ का भी जीर्णोद्धार करवाया था ताकि उससे पूरे परिसर की सिंचाई की जा सके। हालांकि उनके स्थानांतरण के बाद न तो बगीचे का संरक्षण हो सका और न ही कुएँ का। परिणामस्वरूप आज यह जल स्रोत भी उपेक्षा का शिकार हो चुका है।

#### टेकड़ी वाले हिंदी स्कूल के कुएं की हालत चिंताजनक

नगर के सबसे पुराने शैक्षणिक संस्थानों में शामिल टेकड़ी वाले हिंदी स्कूल का ऐतिहासिक कुआँ भी उपेक्षा का दंश झेल रहा है। कुएँ में लगातार मलबा और कचरा जमा होने से उसकी उपयोगिता लगभग समाप्त हो चुकी है। एक समय ऐसा था जब इस कुएँ में बारहों महीने पानी रहता था और विशेष व्यवस्था के माध्यम से पानी निकालकर विद्यालय परिसर के विशाल बगीचे की सिंचाई की जाती थी। आज न तो वह बगीचा शेष है और न ही कुएँ का पुराना स्वरूप। कुएँ में आज भी पानी दिखाई देता है, किंतु उसकी सतह पर कचरा तैरता नजर आता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि इसकी सफाई कराई जाए तो यह पुनः जल स्रोत के रूप में उपयोगी बन सकता है।

#### जल गंगा संवर्धन अभियान केवल औपचारिकता न बने

वार्ड पार्षद अंजलि सुमित शिवहरे का कहना है कि परंपरागत जल स्रोतों के संरक्षण के उद्देश्य से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान अब केवल औपचारिकता बनकर रह गया है। हर वर्ष अभियान का शुभारंभ मुलताई से होता है, लेकिन नगर के जल स्रोत लगातार समाप्त होते जा रहे हैं। उन्होंने नगर पालिका से मांग की है कि नगर क्षेत्र के सभी कुओं और कूपों का सर्वेक्षण कर उन्हें चिन्हित किया जाए तथा उनके संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार कर वर्षा ऋतु से पहले उसका क्रियान्वयन किया जाए।

#### कुओं का पुनरुत्थान क्यों है आवश्यक ?

सतपुड़ा पर्वतमाला के उत्तरी छोर पर स्थित मुलताई समुद्र तल से काफी ऊँचाई पर बसा नगर है। ऊँचाई के मामले में पचमढ़ी के बाद मुलताई को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। भौगोलिक परिस्थितियों के कारण वर्षा जल को रोककर भूगर्भ में संरक्षित करना यहाँ बड़ी चुनौती है। हर वर्ष बड़ी मात्रा में वर्षा जल ताप्ती नदी के माध्यम से बहकर अरब सागर में चला जाता है। दूसरी ओर लगातार बढ़ते बोरवेल भूजल स्तर पर दबाव बढ़ा रहे हैं। ऐसे में नगर के पारंपरिक कुएँ भूजल संरक्षण और जलस्तर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

#### आज भी प्रासंगिक हैं परंपरागत जल स्रोत

प्राचार्य एवं पर्यावरण प्रेमी आर.के. मालवीय तथा न्यू कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल की प्राचार्य वनिता नायर का कहना है कि आधुनिक जल व्यवस्था के दौर में हमने परंपरागत जल स्रोतों को भुला दिया है, जिसके दुष्परिणाम अब सामने आने लगे हैं। उनके अनुसार लगातार गिरता भूजल स्तर इस बात का संकेत है कि यदि समय रहते कुओं और अन्य पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण नहीं किया गया तो भविष्य में गंभीर जल संकट उत्पन्न हो सकता है। वे बताते हैं कि नगर में एक दर्जन से अधिक ऐसे कुएँ मौजूद हैं जिन्हें थोड़े से प्रयास से पुनर्जीवित किया जा सकता है। जल संकट के इस दौर में, जब अनेक बोरवेल सूख चुके हैं, तब भी कई पुराने कुओं में पर्याप्त पानी उपलब्ध है, जो उनकी उपयोगिता और महत्व को सिद्ध करता है।

#### संज्ञान में लेकर सफाई करवाई जाएगी

नगर के सार्वजनिक एवं नगरीय निकाय के अधीन आने वाले कुओं की सफाई और पुताई कराई गई है। हेडपंप और नलकूपों के समीप सोकपिट भी बनाए गए हैं। आपके द्वारा बताए गए टेकड़ी स्कूल एवं एसडीओपी कार्यालय के समीप स्थित कुओं को भी संज्ञान में लेकर उनकी सफाई एवं आवश्यक कार्यवाही कराई जाएगी। **योगेश अनेराव**, उपयंत्री, नगर पालिका मुलताई

### 6 एएसआई, 22 प्रधान आरक्षक, 31 आरक्षक शामिल

## पुलिस विभाग में 64 अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**

जिले में पुलिस अधीक्षक ने कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। जारी आदेश के तहत जिले के 64 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का तबादला किया गया है। सभी स्थानांतरित कर्मचारियों को तत्काल नई पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

जारी तबादला आदेश के अनुसार, स्थानांतरित कर्मचारियों में 6 सहायक उप निरीक्षक (एएसआई), 22 प्रधान आरक्षक एवं कार्यवाहक प्रधान आरक्षक, 5 महिला आरक्षक और 31 आरक्षक शामिल हैं। इन्हें जिले के विभिन्न थानों और इकाइयों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। तबादला सूची में कोतवाली, गंज, आमला, मुलताई, भैंसदेही, शाहपुर, रानीपुर, चिचोली, सांईखेड़ा, झल्लार और बोरदेही सहित जिले के अधिकांश थाने शामिल हैं। पुलिस विभाग के अनुसार, कई कर्मचारियों को कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से संवेदनशील थानों में पदस्थ किया गया है। आदेश के तहत सहायक उप निरीक्षक अरुण यादव को कोतवाली से झल्लार, मूलचंद अनंत को आमला से भैंसदेही, सुरेश कुमार चौधरी को कोतवाली से बोरदेही और विजय कुमार जोठे को मुलताई से चोपना भेजा गया है।

वहीं दीपक कुमार मालवीय को रानीपुर से पुलिस लाइन तथा कमलसिंह मेहर को बोरदेही से आमला थाना में पदस्थ किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने सभी स्थानांतरित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे तत्काल नवीन पदस्थापना स्थल पर आमद दें तथा आमद-रवानगी की सूचना कार्यालय को उपलब्ध कराएं।

## डॉ. अरुण सिंह भदौरिया का विद्युत मंडल कर्मचारी यूनियन ने किया सम्मान



**सारनी।** विद्युत मंडल कर्मचारी यूनियन मध्यप्रदेश द्वारा तकनीकी कर्मचारियों की उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करने पर शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय बैतूल के प्राचार्य डॉ. अरुण सिंह भदौरिया का सम्मान किया गया। यूनियन ने उन्हें शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। यूनियन के क्षेत्रीय महामंत्री अंबादास सूने ने बताया कि तकनीकी कर्मचारियों के लिए पार्ट टाइम डिप्लोमा कोर्स शुरू कराने के उद्देश्य से वर्ष 2016 से अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) नई दिल्ली एवं भोपाल स्तर पर लगातार पत्राचार किया गया। इसके परिणामस्वरूप नए सेटअप में वर्किंग प्रोफेशनल कोर्स प्रारंभ हो सके। इस पूरे अभियान में डॉ. भदौरिया का मार्गदर्शन एवं सहयोग लगातार मिलता रहा, जिससे बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट कॉलेज, बैतूल में वर्किंग प्रोफेशनल कोर्स की शुरुआत हुई। वर्तमान में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड, रेलवे, आईटीआई, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड पाथाखेड़ा सहित विभिन्न संस्थानों में कार्यरत कर्मचारी इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से तकनीकी उच्च शिक्षा प्राप्त कर परीक्षाएं दे रहे हैं। इससे औद्योगिक क्षेत्र के कर्मचारियों में उत्साह का वातावरण है। अंबादास सूने ने बताया कि इस जनहितकारी पहल को प्रारंभिक दौर में बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल तथा वर्ष 2019 से आमला-सारनी विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे का भी सहयोग प्राप्त हुआ।

## रेल यात्री हत्याकांड में तीन आरोपी गिरफ्तार

### तमिलनाडु से पकड़ाए, मुख्य आरोपी अब भी चल रहा फरार



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**

छिंदवाड़ा-इंदौर पैसेंजर ट्रेन में सीट विवाद के बाद युवक अली खान की हत्या के मामले में जीआरपी ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों को तमिलनाडु के डिंडीगुल क्षेत्र से पकड़ा गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में एक नाबालिक भी शामिल है। इस मामले में अब तक कुल सात गिरफ्तारियां हो चुकी हैं, लेकिन मुख्य आरोपी सागर धुर्वे अभी भी फरार है। घटना 1 जून की रात की है, जब छिंदवाड़ा निवासी अली खान अपने दोस्तों के साथ ट्रेन से यात्रा कर रहे थे। परासिया स्टेशन के पास ट्रेन में सीट को लेकर अली खान और बोरदेही निवासी सागर धुर्वे के बीच विवाद हो गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, विवाद शांत हो गया था, लेकिन आरोप है कि सागर धुर्वे ने अपने साथियों को बोरदेही स्टेशन पर बुला लिया था। ट्रेन के बोरदेही स्टेशन पहुंचते ही अली खान को नीचे उतारकर उसके साथ सामूहिक मारपीट की गई। गंभीर चोटों के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अगले दिन स्टेशन परिसर में शव मिलने के बाद जीआरपी आमला ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। फरार आरोपियों की तलाश के लिए जीआरपी ने साइबर सेल, तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र का सहारा लिया। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कुछ आरोपी तमिलनाडु में छिपे हुए हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम डिंडीगुल पहुंची और कमलेश उइके उर्फ बाबा रामदेव (21), अंकुश कोराई (22) तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किए गए लकड़ी के डंडे भी बरामद किए हैं। सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले का मुख्य आरोपी सागर धुर्वे अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस का मानना है कि उसकी गिरफ्तारी से घटना से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। जीआरपी की टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

### एक लाख के जेवर बरामद, रायसेन से आकर की थी वारदात

## मकान में चोरी करने वाले दो आरोपी धराए

**बैतूल।** कोतवाली पुलिस ने सूने मकान में हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब एक लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। चंद्रशेखर वार्ड निवासी विजय सिंह तोमर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 5 जनवरी 2026 को वे अपने घर में ताला लगाकर बहन के यहां गए थे। रात करीब 1 बजे लौटने पर उन्हें घर का ताला टूटा मिला। घर की अलमारी से सोने-चांदी के जेवर, नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरी एक अटैची चोरी हो गई थी। इस संबंध में कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई की। पुलिस ने संदिग्ध प्रवीण उर्फ अन्ना लांजीवार और कासिफ उर्फ सोहेल खान को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर



लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी चांदी की बिछिया और एक जोड़ी चांदी की पैरपट्टी बरामद की है। बरामद जेवरों की कुल कीमत लगभग एक लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रवीण उर्फ अन्ना लांजीवार (27) निवासी बगीचा कॉलोनी, मंडीदीप, जिला रायसेन और कासिफ उर्फ सोहेल खान (30) निवासी सतलापुर, मंडीदीप, जिला रायसेन के रूप में हुई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक देवकरण डेहरिया, उपनिरीक्षक अरुण यादव, प्रधान आरक्षक दीपक आदि रहे मौजूद।

## सारनी के बेरोजगारों के लिए शुरू हुआ पंजीयन अभियान

**सारनी।** अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन, जिला बैतूल ने सारनी क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोडऩे के उद्देश्य से पहल शुरू की है। संगठन के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार बौरासी ने बताया कि सारनी क्षेत्र में नए यूनिट का कार्य प्रारंभ होने के बाद बीएचईएल एवं उसकी सहयोगी कंपनियों में कुशल, अर्धकुशल तथा अन्य श्रेणी के कर्मचारियों की आवश्यकता बढऩे की संभावना है। संगठन ने दावा किया है कि वह संबंधित कंपनियों से लगातार संपर्क कर स्थानीय एवं क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए चर्चा करेगा। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से बायोडाटा, आधार कार्ड की छायाप्रति, वोटर आईडी कार्ड की छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट आकार के फोटो दो सेट में जमा कराने की अपील की गई है। संगठन के अनुसार प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर अभ्यर्थियों का डाटा संबंधित कंपनियों को उपलब्ध कराया जाएगा तथा रोजगार दिलाने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। युवाओं से जून माह के भीतर अपने दस्तावेज संगठन कार्यालय, क्वार्टर नंबर ओल्ड ई-23, शॉपिंग सेंटर, सारनी में जमा कराने को कहा गया है। रोजगार पंजीयन अभियान के संबंध में सारनी, पाथाखेड़ा, शोभापुर-बगडोना एवं घोड़ाडोंगरी क्षेत्र के लिए विभिन्न पदाधिकारियों को संपर्क सूत्र बनाया गया है, बैतूल जिले के किसी भी क्षेत्र का व्यक्ति कर अपने दस्तावेज जमा कर सकता है।

### नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो अभियान के तहत निकाली रैली

## महिलाओं ने फूंका शराबबंदी का बिगुल

### *सार्वजनिक आयोजनों में भी शराब पर प्रतिबंध की मांग*



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई**

तहसील क्षेत्र के ग्राम दुनावा में महिलाओं ने शराब के बढ़ते प्रभाव के खिलाफ एकजुट होकर बड़ा कदम उठाया है। ग्रामीण महिलाओं ने गांव में पूर्ण शराबबंदी लागू करने का निर्णय लेते हुए इसके समर्थन में जागरूकता रैली एवं जुलूस का आयोजन किया। महिलाओं का कहना है कि शराब के कारण सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है तथा युवाओं का भविष्य भी संकट में पड़ता जा रहा है। जानकारी के अनुसार, नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो मंडल की महिलाओं ने ग्राम में बैठक आयोजित कर शराबबंदी के पक्ष में सर्वसम्मति से निर्णय लिया। बैठक में महिलाओं ने शराब को सामाजिक बुराई बताते हुए इसके विरुद्ध व्यापक जन जागरण अभियान चलाने का संकल्प लिया। मंडल की अध्यक्ष रामप्यारी कवाची ने कहा कि शराब के बढ़ते प्रचलन से गांव का माहौल खराब हो रहा है।

कई परिवार आर्थिक, सामाजिक एवं मानसिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की लत से बचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसके लिए महिलाओं ने एकजुट होकर शराबबंदी की दिशा में पहल की है। निर्णय के बाद सभी महिलाएं ग्राम पंचायत परिसर के सामने एकत्रित हुईं। इसके पश्चात पुलिस प्रशासन के सहयोग से जागरूकता जुलूस निकाला गया, जिसने पूरे गांव का भ्रमण किया। जुलूस के दौरान महिलाओं ने वैध एवं अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के समर्थन में जोरदार नारे लगाए। महिलाओं ने मांग की कि गांव में ही नहीं, बल्कि सार्वजनिक कार्यक्रमों, शादी-विवाह एवं अन्य सामाजिक आयोजनों में भी शराब के सेवन और परोसने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। उनका मानना है कि इससे समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण होगा और नई पीढ़ी को नशे की बुराई से बचाया जा सकेगा। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य बबीता हरेंद्र उपराले ने भी महिलाओं के अभियान को समर्थन एवं सहयोग प्रदान किया। जुलूस में रामप्यारी कवाची, पार्वती कुरवाडे, कौशल पवार, लता पवार, पूनम भलावी, संकरिया मंदरे, लीला विश्वकर्मा, शीला नर्रे, संगीता पवार, चंद्रकला भलावी, अंजू खडसे, चंद्रकांता डोंगरे, सीमा कवाची, रेखा पवार, सुनीता बुवाड़े, ज्योति पवार, फुलवंती बाई, पूनम, संगीता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। महिलाओं ने स्पष्ट किया कि उनका यह अभियान केवल शराबबंदी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि गांव को नशामुक्त बनाने और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के लिए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

**CHANGE OF NAME**

I, No.- 10390779W Rank- Ex SEP Name- **KRISHN KUMAR SAVANER**, resident of VPO- Andhariya, Teh.- Amla, Distt.- Betul (MP) Pin- 460551, have changed my daughter's name from **JAHANVI SAVANER** to **JAHANVI SAVNER,** vide affidavit dated 13/06/2026 sworn before 1'st Class Magistrate at Betul (MP).

**CHANGE OF NAME**

I, **PARMILA** legally wedded wife of No.- 657418A Rank- Ex **SARGEANT DAMMULAL SURYAVANSHI**, resident of 168/1 Suryavanshi Niwas, Ward No.18, Pankha Road, Bodkhi, Amla Depot, Teh.- Amla, Distt.- Betul (MP), Pin- 460553, have changed my name from **PARMILA** to **PRAMILA SURYAVANSHI**, vide affidavit dated 13/06/2026 sworn before 1'st Class Magistrate at Betul (MP).

**CHANGE OF NAME**

I, **GHANENDRA SAVANER** legally son of No.- 10390779W Rank- Ex SEP Name- **KRISHN KUMAR SAVANER**, resident of VPO- Andhariya, Teh.- Amla, Distt.- Betul (MP) Pin- 460551, have changed my name from **GHANENDRA SAVANER** to **GHANENDRA** SAVNER, vide affidavit dated 13/06/2026 sworn before 1'st Class Magistrate at Betul (MP).

**CHANGE OF NAME**

I, **AMRITA** legally wedded of wife of No.- 16013318Y Rank- Ex Nk (TS) Name- **DEVENDRA SINGH**, resident of Vill.- Sukhakhedi, PO-Anas, Teh.- Multai, Distt- Betul (MP), Pin-460661, have changed my name from **AMRITA** to **AMRITA RATHORE**, vide affidavit dated 13/06/2026 sworn before 1'st Class Magistrate at Betul (MP).

**CHANGE OF NAME**

I, Smt. **KAMAL** is legally wedded widow of No.- 1541439M Ex Hav (Late) **LAKHAN** resident of Rajendra Ward, Betul, Teh. & Distt.- Betul (MP) Pin- 460001, have changed my name from **KAMAL** to **KAMLA**, vide affidavit dated 13/06/2026 sworn before 1’st Class Magistrate, Betul (MP).

**CHANGE OF NAME**

I, No. 14668014M Rank- Ex Nk Name- **NITESH KUMAR ARYA**, resident of Vill.- Devgaov, PO- Khedi Sawligarh, Teh. & Distt.- Betul (MP), Pin- 460001, have changed my Son's name from **AISHVARYA ARYA** to **AISHWARYA ARYA**, vide affidavit dated 13/06/2026 sworn before 1'st Class Magistrate at Betul (MP).

**CHANGE OF NAME**

I, No.- 8036830Y Rank- Ex Nk, Name- **PRAVIN PAWAR**, resident of Vill.- Dahargaon, PO- Khedi Sawligarh, Teh.- Betul, Distt.- Betul (MP), Pin- 460225, have changed my daughter's name from **TANIYA** to **TANIYA PAWAR**, vide affidavit dated 13/06/2026 sworn before 1'st Class Magistrate at Betul (MP).

## खबर संक्षेप

### नर्मदा जल कनेक्शन धारियों का सर्वे कर रही नपा

**सोहागपुर** नगर परिषद द्वारा शहर में नर्मदा जल कनेक्शन धारियों का सर्वे कराया जा रहा है। ताकि बिलिंग लिस्ट पूर्ण की जा सके। साथ ही नर्मदा जल एवं नप के कनेक्शन में से दोनों ही कनेक्शन वालों की सूची तैयार की जा सके। सूची बनने के बाद डबल कनेक्शन धारियों के यहां से नप के पुराने नलों के कनेक्शन काटे जाएंगे। साथ ही नर्मदा जल कनेक्शन वालों को बिल का वितरण भी किया जाएगा।

### हायर सेकंडरी द्वितीय परीक्षा में बेटियों ने मारी बाजी

**सीहोर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश की हायर सेकंडरी द्वितीय परीक्षा वर्ष-2026 का नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शुक्रवार को शाम 4 बजे घोषित कर दिया गया। इसमें बेटियों ने बाजी मारी है। इस परीक्षा में 62.31 प्रतिशत नियमित छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं , जबकि 57.36 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यार्थी परीक्षा परिणाम मंडल की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। हायर सेकंडरी की द्वितीय परीक्षा में प्रदेश से 1 लाख 42 हजार 468 नियमित विद्यार्थियों ने फॉर्म भरा था। इसमें से 1 लाख 42 हजार 467 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। शुक्रवार 12 जून को घोषित हुए परीक्षा परिणाम में 84 हजार 871 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। हायर सेकंडरी की द्वितीय परीक्षा में 33 हजार 334 स्वाध्यायी विद्यार्थियों ने फॉर्म भरा था। परीक्षा में 33 हजार 315 विद्यार्थी शामिल हुए थे।

### दो दशक के आरक्षण इतिहास और नई प्रक्रिया के बीच संभावित समीकरणों पर मंथन

# सिवनी मालवा नगर पालिका अध्यक्ष पद का आरक्षण बना चर्चा का केंद्र

आगामी नगरीय निकाय चुनावों को लेकर सिवनी मालवा की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। नगर पालिका अध्यक्ष पद के संभावित आरक्षण को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो चुका है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

शासन द्वारा अध्यक्ष एवं महापौर पदों के आरक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए हाल ही में आदेश जारी किए जाने के बाद स्थानीय नेताओं, संभावित दावेदारों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं की निगाहें अब आरक्षण सूची पर टिक गई हैं। माना जा रहा है कि आरक्षण की घोषणा के साथ ही चुनावी समीकरण पूरी तरह बदल सकते हैं।

### शासन ने शुरू की प्रक्रिया, बढ़ी राजनीतिक उत्सुकता

नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार आगामी नगरीय निकाय चुनावों के लिए अध्यक्ष एवं महापौर पदों के आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हालांकि अभी अंतिम रोस्टर और आरक्षण सूची जारी नहीं हुई है, लेकिन प्रक्रिया प्रारंभ होने के साथ ही प्रदेशभर की नगर पालिकाओं की तरह सिवनी मालवा में भी संभावित आरक्षण को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अध्यक्ष पद का आरक्षण केवल किसी एक नगर पालिका के पिछले रिकॉर्ड के आधार पर तय नहीं होता, बल्कि पूरे प्रदेश के नगर निकायों को शामिल करते हुए राज्य स्तरीय रोस्टर तैयार किया जाता है। इसके बाद विभिन्न वर्गों के लिए निर्धारित आरक्षण प्रतिशत के अनुसार सीटों का निर्धारण किया जाता है और अंततः लॉटरी अथवा ड्रॉ प्रक्रिया के माध्यम से नगर पालिकाओं को संबंधित श्रेणियां आवंटित की जाती हैं।

### क्या कहता है इतिहास

सिवनी मालवा नगर पालिका के पिछले चार चुनावी कार्यकालों का रिकॉर्ड कई दिलचस्प संकेत देता है। वर्ष 2004 में अध्यक्ष पद अनारक्षित महिला वर्ग के लिए आरक्षित था। इसके बाद 2009 में यह पद अनारक्षित श्रेणी में रहा। वर्ष 2014 में यह सीट अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) महिला के लिए आरक्षित हुई, जबकि 2022 में पुनः अनारक्षित श्रेणी के लिए आरक्षण निर्धारित किया गया। लगभग दो दशक के इस रिकॉर्ड पर नजर डालें तो स्पष्ट होता है कि अनारक्षित और ओबीसी महिला वर्ग को प्रतिनिधित्व मिल चुका है। ऐसे में आगामी चुनाव में कौन-सी श्रेणी सामने आएगी, इसे लेकर राजनीतिक विश्लेषणों का दौर जारी है।

### बढ़ी उत्सुकता

स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी प्रमुखता से हो रही है कि सिवनी मालवा नगर पालिका क्षेत्र में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की आबादी अपेक्षाकृत कम मानी जाती है। यही कारण है कि कई राजनीतिक पर्यवेक्षक संभावित आरक्षण के समीकरणों को ओबीसी अथवा महिला वर्ग के इर्द-गिर्द देख रहे हैं। हालांकि आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया पूरी तरह राज्य स्तरीय रोस्टर और ड्रॉ पर आधारित होती है, इसलिए अंतिम निर्णय आने तक किसी भी संभावना को खारिज नहीं किया जा सकता।

### क्या ओबीसी पुरुष या अनारक्षित महिला बन सकती है सीट?

सिवनी मालवा नगर पालिका अध्यक्ष पद वर्ष 2014 में ओबीसी महिला और वर्ष 2022 में अनारक्षित श्रेणी के लिए आरक्षित रह चुका है। ऐसे में स्थानीय राजनीतिक चर्चाओं में दो संभावनाएं सबसे अधिक सुनाई दे रही हैं— ओबीसी और राजनीतिक जानकारों के अनुसार यदि राज्य स्तरीय रोस्टर में ओबीसी वर्ग के लिए अवसर बनता है और महिला आरक्षण लागू नहीं होता, तो सीट ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित हो सकती है, जिससे ओबीसी पुरुष दावेदारों की संभावनाएं मजबूत होंगी। दूसरी ओर यदि महिला आरक्षण का चक्र लागू होता है और रोस्टर की स्थिति अनुकूल रहती है, तो अनारक्षित महिला श्रेणी भी एक संभावित विकल्प हो सकती है।

हालांकि यह केवल राजनीतिक आकलन हैं। अंतिम निर्णय शासन द्वारा जारी रोस्टर, आरक्षण सूची और ड्रॉ प्रक्रिया के बाद ही सामने आएगा। तब तक सिवनी मालवा की राजनीति में संभावनाओं, समीकरणों और दावेदारों को लेकर चर्चाओं का सिलसिला जारी रहने की संभावना है।

# वार्ड-08 में कच्ची सड़कों का दौर खत्म, बदली स्थितियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

नगर पालिका के वार्ड क्रमांक-08 में पिछले कुछ वर्षों के दौरान सड़क और नाला निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्य किए गए हैं। इन कार्यों के बाद वार्ड की अधिकांश कच्ची सड़कें पक्की हो चुकी हैं, जिससे क्षेत्र के कई हिस्सों में आवागमन की सुविधा बेहतर हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विशेष रूप से बारिश के मौसम में पहले की तुलना में अब कम परेशानी का सामना करना पड़ता है।

पार्षद अनुराधा दीक्षित के कार्यकाल में अंबिका परिसर, द्वारका धाम कॉलोनी, साईं कैंपस और व्यास कॉलोनी सहित कई क्षेत्रों में सीसी सड़क निर्माण कराया गया है। वहीं तवा कॉलोनी में डामरीकरण कार्य भी किया गया। इसके अलावा पगारे कॉलोनी से उदय विहार कॉलोनी तक पक्के नाले का निर्माण होने से जल निकासी व्यवस्था को मजबूती मिली है।

### कुछ विकास कार्य बाकी

पार्षद प्रतिनिधि दीपक दीक्षित के अनुसार वार्ड में कुछ कार्य अभी प्रगति पर हैं, जबकि कुछ परियोजनाएं प्रशासनिक स्वीकृति का इंतजार कर रही हैं। स्वीकृति मिलने के बाद शेष कार्यों को पूरा किया जाएगा।

### नागरिकों के फायदे

वार्ड के कई निवासियों का कहना है कि पहले बरसात के दौरान कच्ची सड़कों पर कीचड़ और आवागमन की समस्या बनी रहती थी। सड़क निर्माण और नाला व्यवस्था में सुधार के बाद स्थिति में बदलाव आया है।

हालांकि कुछ क्षेत्रों में अभी भी विकास कार्यों की आवश्यकता महसूस की जा रही है, जिनके लिए लोग प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा लगाए हुए हैं, आमजनों को आशा लगी हुई है।

### प्रशासन,जनप्रतिनिधियों की भूमिका

विकास कार्यों के क्रियान्वयन में नगर पालिका प्रशासन और तकनीकी अमले की भूमिका भी रही है। स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समन्वय से विभिन्न परियोजनाएं पूरी की गईं।

# पुरुषोत्तम मास का समापन आज, होंगे धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

हिंदू कैलेंडर अर्थात पंचांग अनुसार पुरुषोत्तम मास भगवान श्री हरि की विशेष आराधना का माह होता है। जिसके चलते पूरे माह पवित्र नदियों में स्नान, व्रत, कथा जैसे आयोजन सनातनियों द्वारा किये गए। आज सोमवती अमावस्या पर पुरुषोत्तम मास समापन पर सनातनियों द्वारा मासिक धार्मिक कार्यों को विराम दिया जाएगा। तथा इस दौरान भंडारा आयोजन भी किये जाएंगे।

### मंदिर में किया जायेगा दीपदान

इसी तरह नगर के मातापुरा वार्ड स्थित श्रीराम जानकी-राधाकृष्ण मंदिर में पूरे पुरुषोत्तम मास में नियमित दीपदान किया गया। साथ ही श्री पुरुषोत्तम मास कथा, भगवान सत्यनारायण भगवान की कथा और सायं कालीन दीपदान का कार्यक्रम हुआ।

### होगा प्रसाद वितरण

मंदिर पुजारी पंडित नीलेश शर्मा ने बताया कि समापन पर सोमवार को मंदिर परिसर में महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा। पंडित शर्मा के अनुसार यह आयोजन सोमवार 15 जून 2026 को सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक होगा।

# श्रीसंत भूरा भगत जनजागृति समिति की बैठक हुई

## मृत्यु भोज स्वरूप को लघु करने का प्रस्ताव, सभी ने किया प्रस्ताव का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

श्रीसंत भूरा भगत जन जागृति समिति कतिया समाज सोहागपुर की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार रात संपन्न हुई। बैठक इंदिरा वार्ड में वरिष्ठ समाजसेवी शंकरलाल आरसे की अध्यक्षता में उन्हीं के निवास पर की गई।



### इन विषयों पर किया विचार

तय किया गया है कि आगामी विवाह वर्ष में परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह कराना है, मृत्यु भोज के रूप को छोटा करना है, निजी या सामाजिक कार्यों में भोजन का एक निश्चित मेन्यू लागू हो, भोपाल जैसे महानगरों में प्रोफेशनल कोर्स तैयारी करते सामाजिक युवाओं के लिये रियायती दर पर भोजन व आवास व्यवस्था हो। इसके अलावा अन्य सामाजिक विषयों पर भी परिचर्चा हुई है तथा भविष्य में उत्कृष्ट निर्णय लेने पर सहमति बनी है। तय किया गया है कि समिति की जुलाई माह की बैठक तिलक वार्ड में रवीन्द्र बारसिया के निवास पर होगी।

### बैठक में समिति सदस्य रहे उपस्थित

बैठक में सोहागपुर शहर के इंदिरा वार्ड, तिलक वार्ड, गांधी वार्ड, पलाश परिसर, मातापुरा वार्ड, शास्त्री वार्ड सहित आसपास के ग्रामों सिंगवाड़ा, टूराखापा, लांघा बम्होरी तथा बांसखापा से सामाजिक जन उपस्थित रहे। बैठक में कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श हुआ।

### समाज उत्थान के लिए निर्णय

बैठक में समाजोत्थान संबंधी कुछ निर्णय भी लिये गए हैं। इस बैठक में शंकरलाल आरसे, रमेश भन्नारिया, संतोष बेलवंशी, शंकर नायक, परसराम नागवंशी, रमेश आरसे, हरलाल बेलवंशी, निरंजन देव अरसे, मन मोहन चंद्रवंशी, राकेश पठारिया, देवेन्द्र जावरे, अनिल जागवंशी, अजय आम्रवंशी, रवीन्द्र बारसिया, रत्नेश नागवंशी, रामाधार नागेश, कपिल बाने, बलराम बेलवंशी, श्रवण भन्नारिया, कमलेश आम्रवंशी, मुकेश नायक, पार्षद धर्मदास बेलवंशी आदि उपस्थित रहे।

# सांदीपनि विद्यालय में मेगा अपार दिवस मनाया गया

**पिपरिया** । जनपद पंचायत क्षेत्र के सांदीपनि विद्यालय परिसर में वन नेशन वन स्टुडेंट आई डी के लिए विकास खण्ड स्तरीय मेगा अपार दिवस मनाया गया। जिसमें लगभग 1000 बच्चों की अपार आई डी बनाने क लक्ष्य रखा गया। जनशिक्षक समस्त बीएसीके सहयोग से कार्य किया गया।एम आई एस एवं आपरेटर ने बच्चों का यूं बाईस में प्रोफेसन नहीं होने पर कक्षा 2से12के नवीन बच्चे नहीं जुड़े हैं। इसलिए 30जून 2026तक प्रतिदिन शालाओं में अपार आई डी बनाई जाएगी इस तरह से बीआर सी प्रदीप शर्मा ने बताया कि लगभग सभी जगह पर यह कार्य किया जा रहा है।



# एकलव्य फाउंडेशन ने किया पांच दिवसीय कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

एकिडना फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग एवं एकलव्य फाउंडेशन के अकादमिक सहयोग से संचालित एग्री प्रोजेक्ट( लैंगिक उत्तरदायी और समावेशी शिक्षण ) के तहत ब्लॉक के 10 गांवों के शिक्षा प्रोत्साहन केंद्रों पर पांच दिवसीय समर कैंप संपन्न हुआ।

### जून में चलेगा कैंप

1 से 5 जून तक चले इस कैंप में शासकीय प्राथमिक शालाओं के 200 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। इसमें ओरिगामी, आर्ट-क्राफ्ट, बाल अखबार, कहानी-कविता लेखन, गणित की गतिविधियां , मिट्टी के खिलौने , नेचर जर्नलिंग और विज्ञान के प्रयोग जैसी गतिविधियां कराई गईं, जिससे बच्चों में टीम भावना और रचनात्मकता का विकास हुआ।

एकलव्य फाउंडेशन की टीम से प्रियेश, मुस्कान सिंगोरिया, मुस्कान मालवीया और शिवानी ने अकादमिक सहयोग दिया। ग्रामीण और अभिभावकों ने भी उपस्थित होकर बच्चों के उत्साह और कौशल की सराहना की। कैंप का संचालन स्थानीय युवा संचालिकाओं कंचन, प्राची, शिवानी, रितिका, सीमा, राजंती, मुस्कान, सोनाक्षी और पूजा ने किया।

# सचिव ने सरपंच पर लगाए अनियमितता के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत पचलाबरा इस समय चर्चा का विषय बनीं हुई है। पंचायत के खाते में लाखों रुपए जमा हैं। लेकिन जिस मद में पैसा जमा कराए हैं।उस मद के कामकाज अधूरा पड़ा हुआ है।

सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए जनपद पंचायत निधी से लगभग 12 लाख रुपए जमा कराए थे। लेकिन उस काम का भूमि पूजन करने के बाद नींव रखी है। उसके बाद से काम आगे नहीं बढ़ रहा है। इस तरह से अनेकानेक अनियमितता प्रतीत हो रही हैं।जिस पर रोजगार सहायक एवं प्रभारी सचिव भैया पटेल ने बताया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रबल अरजरिया सहित अन्य सभी अधिकारियों को लिखित में लगातार अवगत कराया गया है। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। सचिव ने बताया कि सरपंच के द्वारा कार्य नहीं कराया जा रहा है। यहां तक की अंत्येष्टि सहायता राशि भी नहीं दी जा रही है।

### हितग्राहियों को नही किया लाभांवित

हितग्राहियों को लाभान्वित नहीं किया जा रहा है। गांव में पानी की टंकी की का सुधार करने हेतु लगातार प्रयास किया गया है।नाली निर्माण कार्य करने हेतु लगातार मौखिक रूप से बताया गया है। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। नाली निर्माण कार्य जो मुख्य मार्ग पर ही अधुरा कार्य छोड़कर चले गए हैं। जिसके कारण सड़क पर पंचायत भवन के सामने गंदगी एवं पानी भरा हुआ है। सरपंच कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। विकास कार्य ठप्प पड़े हैं। सरपंच पंचायत में आते ही नहीं है।

पंचायत विभाग के सभी सरकारी अधिकारियों को अवगत कराया गया है। लिखित के बाद भी कोई पुख्ता कार्यवाही नहीं हुई है। सचिव ने तो मौखिक रूप में आरोप लगाया है कि एक नाली एक सड़क मार्ग निर्माण कार्य के बाद भी उसी कार्य को दुबारा एम बी में पोर्टल पर दर्ज किया गया है। विगत दिनों गांव के निवासी मनीष पटेल ने शिकायत दर्ज कराई थी, तो जिले की टीम ने पहुंचकर जांच की थी। जिसका पंचनामा तैयार किया गया है। 15 लाख रुपए की गड़बड़ी की गई है। इस तरह से अनियमितताओं के चलते पंचायत चर्चा में है। इस बारे में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रबल अरजरिया ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है, जो उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है।

# रसोइयों को दिया गया प्रशिक्षण स्वच्छता, गुणवत्ता और सुरक्षा पर दिया विशेष जोर



**भैरूंदा।** जन शिक्षा केंद्र स्तर पर शनिवार को रसोइयों के लिए मध्यान्ह भोजन संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण जन शिक्षा केंद्र बाला गांव, वासुदेव और गोपालपुर में संपन्न हुआ, जिसमें संबंधित केंद्रों के अंतर्गत आने वाले सभी रसोइयों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण में बीआरसीसी विजय सिंह पवार, मध्यान्ह भोजन प्रभारी भीम सिंह कीर, बीएसी विजय कुमार बजाज, दिनेश शर्मा सहित जन शिक्षक तरुण राज चौहान, महेश सिंह राजपूत, राजेश गौड़ और जीवन सिंह मेहरा उपस्थित रहे। सभी ने रसोइयों को भोजन निर्माण से जुड़ी आवश्यक सावधानियों और नियमों की विस्तार से जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान सबसे पहले रसोई में साफ-सफाई और व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष जोर दिया गया। रसोइयों को बताया गया कि वे स्वच्छ वेशभूषा में रहें और यदि किसी प्रकार का संक्रमण हो तो उस स्थिति में भोजन न बनाएं। किचन और बर्तनों की नियमित सफाई, मक्खी-मच्छर से मुक्त वातावरण बनाए रखना और फर्श की स्वच्छता बनाए रखना जरूरी बताया गया। खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही गई। प्रशिक्षकों ने निर्देश दिए कि केवल पैक बंद और मानक चिन्ह (मार्क) वाली सामग्री का ही उपयोग करें। राशन को सूखे और सुरक्षित स्थान पर ही रखा जाए तथा हरी सब्जियों को साफ पानी से अच्छी तरह धोकर उपयोग में लिया जाए। रसोइयों को साप्ताहिक मेन्यू के अनुसार भोजन बनाने और बच्चों को संतुलित आहार देने की जानकारी दी गई, जिसमें दाल, चावल और हरी सब्जियों का समुचित समावेश हो। साथ ही स्कूल परिसर में किचन गार्डन विकसित करने पर भी जोर दिया गया, ताकि बच्चों को ताजी सब्जियां मिल सकें। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गैस चूल्हे का उपयोग करने और उसकी नियमित जांच कराने के निर्देश दिए गए। किचन में अग्निशामक यंत्र रखने और दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय भी बताए गए। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि बच्चों को भोजन परोसने से पहले एमसी सदस्य या पालक द्वारा भोजन की जांच की जाए और बच्चे हाथ धोकर ही भोजन करें। रसोइयों को बच्चों के साथ सौम्य व्यवहार रखने और उनकी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

## 3 क्विंटल से अधिक मावे की बर्फी का भोग लगाकर किया वितरण

# पुरुषोत्तम मास की शिवरात्रि पर दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर पुरुषोत्तम मास शिवरात्रि के पावन अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सुबह भगवान शिव का विशेष अभिषेक किया, इसके अलावा यहां पर स्थित बाबा की पवित्र शिला पर एक लोट जल अर्पित किया। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के निर्देश पर विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को तीन क्विंटल से अधिक मावे की बर्फी का भोग लगाकर भोजन प्रसादी के साथ वितरण किया। शनिवार को दाल, रोटी, सब्जी के साथ 30 क्विंटल से अधिक खिचड़ी का भोग भी लगाया गया था।

अधिकमास चल रहा है और शनिवार को करीब 60 हजार से अधिक श्रद्धालु शिवरात्रि के पावन अवसर पर धाम पर पहुंचे थे। इस मौके पर यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं ने परिसर में स्थित मुरली मनोहर मंदिर में भगवान शिव-माता पार्वती, भगवान राम और सीता के अलावा भगवान श्रीकृष्ण और राधा की प्रतिमा के दर्शन किए। 50 किलो फुल से मंदिर में विशेष श्रृंगार किया गया था। यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं ने सुबह आस्था और उत्साह के साथ पूजन-अर्चना की और शाम को भजन कीर्तन का आयोजन किया।

### प्रसिद्ध भजन गायक कीर्तिदान गढ़वी भजन संध्या 16 को

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि आगामी 16 जून को अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का जन्मोत्सव आस्था के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर देश और विदेश में अपनी भजन से श्रद्धालुओं को आकर्षित करने वाले प्रसिद्ध भजन गायक कीर्तिदान गढ़वी के द्वारा रात्रि सात बजे कुबेरेश्वरधाम पर अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे। मंत्रमुग्ध कर देने वाले भजनों के लिए जाने जाते हैं। उनकी भजन संध्या में शिव महिमा, कृष्ण भक्ति और पारंपरिक लोक संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

### चर्च मैदान पर जारी है जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर हर साल की तरह इस साल भी स्वर्गीय कैलाश सारंग के स्मृति में दूसरे वर्ष भी जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सीहोर के चर्च ग्राउंड पर किया जा रहा है प्रतियोगिता के आठवें दिन लीग मैच आयोजित किया जा रहे हैं आज दो मैच खेले गए पहला मैच जूनियर वर्ग में डी एस वाई डब्लू विरुद्ध सीहोर क्लब के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर क्लब 2-1 से विजय रही सीहोर क्लब की तरफ से पुष्प ने एक गोल किया राजवीर ने एक गोल किया डी एस वाई डब्लू की तरफ से पियूष ने एक गोल किया।

## खबर संक्षेप

### विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला

**हरदा।** जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम भमोरी में एक 22 वर्षीय महिला का शव रविवार सुबह फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला की पहचान दुर्गाबाई बराहे (पत्नी हेमराज बराहे) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से बैतूल जिले के ग्राम दिवरखेड़ी की निवासी थीं। वह वर्तमान में अपने पति और ढाई साल के बच्चे के साथ भमोरी गांव में किराए के मकान में रहती थी। पति हेमराज बराहे नर्मदा नदी पर बन रहे बैराज डैम पर मजदूरी का काम करता है। बताया गया है कि रविवार सुबह करीब 6 बजे हेमराज बराहे मजदूरी करने बैराज डैम चला गया था। सुबह लगभग 11 बजे उन्होंने अपनी पत्नी दुर्गाबाई से मोबाइल पर बात की, जिस दौरान दुर्गाबाई ने उन्हें भोजन लेकर आने के लिए कहा था। लगभग एक घंटे बाद, हेमराज भोजन लेकर कमरे पर पहुंचे और दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। काफी देर तक आवाज लगाने के बाद वह भोजन का डिब्बा दरवाजे के बाहर रखकर वापस काम पर चला गया। इसी बीच, क्षेत्र में तेज हवा और आंधी चलने लगी, जिससे कमरे का दरवाजा खुल गया। मकान मालिक के परिवार की एक महिला की नजर अंदर गई तो दुर्गाबाई फंदे पर लटकी हुई दिखाई दी। घटना की जानकारी तत्काल मकान मालिक के पुत्र सत्यनारायण कीर को दी गई, जिन्होंने हेमराज बराहे को मौके पर बुलाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

### बाढ़ व आपदा प्रबंधन के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार आपदा प्रबंधन, अतिवृष्टि एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने और सुरक्षात्मक उपायों के लिए कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 138 में बाढ़ नियंत्रण कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07562-226470 है। यह कंट्रोल रूम वर्षाकालीन अवधि में 15 जून से 15 अक्टूबर 2026 तक 24 घंटे सक्रिय रहेगा। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार कंट्रोल रूम के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार बाढ़ नियंत्रण के लिए कलेक्टर रविंद्र परमार (8295409698), तहसीलदार भूसंसाधन प्रबंधन विजय सराठिया (9827594558) और नायब तहसीलदार सत्यनारायण मालवीय (मो. 8966995414) से संपर्क किया जा सकता है।

भाजपा कार्यालय में पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया

# केंद्रीय मंत्री ने पीएम के 12 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं

प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों की सर्वाधिक चिंता की है चेहरों पर चमक दिख रही है




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

केंद्रीय राज्यमंत्री और स्थानीय सांसद डीडी ऊईक ने शनिवार को भाजपा कार्यालय कमल कुंज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक सर्वश्रेष्ठ अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। ऊईक ने बताया कि निजी उद्योग, तकनीक, शिक्षा और रोजगार जैसे सभी क्षेत्रों में देश सशक्त हुआ है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों की सर्वाधिक चिंता की है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले बारह वर्षों में देश के किसानों के चेहरों पर चमक दिखाई दे रही है।

उन्होंने किसानों के लिए सम्मान निधि, फसल बीमा, खाद-बीज की उपलब्धता और सिंचाई सुविधाओं का उल्लेख किया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने किसानों को उनकी उपज बेचने के लिए बाजार उपलब्ध कराने की भी चिंता की है। पेट्रोल और गैस की किल्लत के संबंध में ऊईक ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सावधानी बरतने को कहा है, लेकिन सरकार ने इन सभी चीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। उन्होंने 140 करोड़ की आबादी वाले देश में किसी भी किल्लत से बचने और हर व्यक्ति को हर चीज उपलब्ध कराने को प्रधानमंत्री की कर्मठता बताया। महंगाई के मुद्दे पर उन्होंने 2014 की महंगाई दर और वर्तमान स्थिति की तुलना की।

ऊईक ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था पहले किस नंबर पर थी और अब भाजपा शासन में क्या है। उन्होंने पाकिस्तान का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां लोग लाइन में लगकर आटा ले रहे हैं, जबकि भारत में मुफ्त में गेहूं-आटा दिया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि पाकिस्तान में आटे की कीमत भारत से पांच गुना अधिक है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि भारतवासियों का प्रधानमंत्री पर विश्वास है, जिसके चलते देश निरंतर तरक्की कर रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, भाजपा प्रवक्ता संजय शाह, महामंत्री बसंत राजपूत, राजेश गोदारा, भाजपा उपाध्यक्ष, प्रहलाद पटेल , देवीसिंग सांखला, मीडिया प्रभारी दीपक नेम, गौरव काशिव सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा,भाजपा प्रवक्ता संजय शाह,महामंत्री बसंत राजपूत,राजेश गोदारा,भाजपा उपाध्यक्ष,प्रहलाद पटेल ,देवीसिंग सांखला,मीडिया प्रभारी दीपक नेम,गौरव काशिव सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पन्नी में भूरे रंग का पदार्थ मिला

# एमडी के साथ युवक गिरफ्तार दो लाख का मादक पदार्थ जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक आरोपी को 11.01 ग्राम एमडी पाउडर के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त किए गए मादक पदार्थ का बाजार मूल्य लगभग 2 लाख 20 हजार रुपए बताया जा रहा है। आरोपी को रविवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

सिविल लाइन थाना टीआई आरएस तिवारी ने बताया कि शनिवार रात गश्त के दौरान गुप्तेश्वर मंदिर के पीछे बिजली के खंभे के नीचे एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में बैठा मिला। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा और पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजू पिता गंगाविशन राजपूत (44) निवासी ग्राम काकरिया, थाना सिविल लाइन बताया। तलाशी के दौरान उसकी पैंट की जेब से एक पारदर्शी प्लास्टिक की पन्नी में भूरे रंग का पदार्थ मिला। आरोपी ने बताया कि यह एमडी पाउडर है, जिसका वह नशा करता है। पुलिस के अनुसार, आरोपी उज्जैन के पास से स्वयं के नशे के लिए एमडी पाउडर लाता था। वह इसमें से थोड़ी-थोड़ी मात्रा बेचकर पैसे कमाता था और उन्हीं पैसों से दोबारा अपने लिए मादक पदार्थ खरीदता था। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए मौके पर ही मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी को पकड़ने में एसआई सुनील बिसोने, प्रधान आरक्षक दुर्गेश सेंगर, उमेश राजपूत, महेश शर्मा, मोहन मीणा और आरक्षक वीरेन्द्र राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत पीएमश्री महाविद्यालय में बैठक की

# शासन की उच्च स्तरीय समिति को जन परामर्श बैठक में समान नागरिक संहिता पर सुझाव दिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मध्य प्रदेश में प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर सुझाव और विचार प्राप्त करने के लिए राज्य शासन की उच्च स्तरीय समिति ने शनिवार को हरदा में जन परामर्श बैठक का आयोजन किया। यह बैठक सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत पीएमश्री महाविद्यालय में हुई, जिसकी अध्यक्षता समिति सदस्य बुधपाल सिंह ने की। बैठक में समिति सदस्य बुधपाल सिंह के साथ कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, एसपी शशांक और जिला पंचायत सीईओ अंजलि जोसेफ सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसमें जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों, शांति समिति के सदस्यों, मीडिया प्रतिनिधियों, प्रोफेसरों, कानूनविदों और धर्मगुरुओं ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में यूसीसी से जुड़े सामाजिक, कानूनी और पारिवारिक पहलुओं पर गहन चर्चा की गई। विभिन्न राज्यों के अनुभवों, सामाजिक समरसता और नागरिक अधिकारों से संबंधित विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक के दौरान बुधपाल सिंह ने कहा कि देश में अलग-अलग व्यक्तिगत कानूनों के बजाय सभी नागरिकों के लिए एक समान नागरिक कानून होना चाहिए। उन्होंने बताया कि यूसीसी का उद्देश्य कानून के समक्ष समानता, महिलाओं को समान अधिकार और लैंगिक न्याय सुनिश्चित करना है। समान नागरिक संहिता से विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और गोद लेने जैसे मामलों में सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार होगा, जिससे संविधान में निहित समानता के सिद्धांत को मजबूती मिलेगी।

### यह प्रक्रिया अत्यंत सराहनीयः कलेक्टर

इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य विभिन्न समुदायों के विचारों, सुझावों और मतों को संकलित कर उन्हें नीति निर्माण की प्रक्रिया में शामिल करना है। उन्होंने यह भी बताया कि यूसीसी की अवधारणा कोई नई नहीं है, बल्कि भारतीय संविधान के नीति निदेशक तत्वों के अंतर्गत अनुच्छेद 44 में इसका उल्लेख किया गया है। बैठक के अंत में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि किसी कानून के क्रियान्वयन के पूर्व व्यापक जनपरामर्श की यह प्रक्रिया अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आमजन, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न समुदायों से सुझाव प्राप्त कर कानून निर्माण की दिशा में आगे बढ़ना लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करता है। कलेक्टर जैन ने बैठक में उपस्थित सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों का अपना बहूमूल्य समय देकर चर्चा में सहभागिता करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान प्राप्त सभी सुझावों, विचारों एवं अभिमतों को विधिवत मिनिट्स में दर्ज कर संबंधित उच्च स्तरीय समिति को प्रेषित किया जाएगा, ताकि उन्हें आगामी प्रक्रिया में समुचित विचारार्थ शामिल किया जा सके।

आईपीएल सट्टे और शौक पूरे करने के लिए चुना अपराध का रास्ता

# गले से चेन झपटने के तीन आरोपी गिरफ्तार पुलिस सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों तक पहुंची



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

पुलिस ने 2 जून को शिक्षिका के गले से चेन झपटने की वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक सीहोर जिले के भैरुंदा और दो देवास जिले के कांटाफोड़ क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीना गया पेंडल और घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त की है। एसडीओपी शालिनी परस्ते ने शनिवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि शिक्षक कॉलोनी निवासी वर्षा यादव 2 जून की शाम अपनी बेटी के साथ मां शारदा विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल से कोचिंग पढ़ाकर घर लौट रही थीं। न्यू गुरुकृपा होटल के सामने बाइक सवार दो युवकों ने उनके गले पर झपट्टा मारा और चेन का पेंडल लेकर फरार हो गए। घटना के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीमों ने हरदा से भेरुंदा तक करीब 75 किलोमीटर के मार्ग पर 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। साइबर सेल की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सबसे पहले भेरुंदा निवासी अस्मित उर्फ आशु साहू (22) को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपने साथियों नंदलाल उर्फ नंदू जारवाल (21) और रोहित उर्फ रोहन बिजोरिया (20) के साथ वारदात करना स्वीकार किया। जांच में सामने आया कि अस्मित और नंदलाल वारदात से पहले हरदा के जैसानी चौक क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला से चेन छीनने का प्रयास कर चुके थे, लेकिन असफल रहे। इसके बाद नंदलाल ने अपने साथी रोहन के साथ मिलकर शिक्षिका को निशाना बनाया।

### पांच मामले दर्ज

पुलिस के अनुसार आरोपी अस्मित इंदौर में बीटेक की पढ़ाई कर रहा है और इस तरह के अपराध में पहली बार शामिल हुआ है। वहीं नंदलाल बीए सेकंड ईयर का छात्र है। नंदलाल और रोहन के खिलाफ पहले से पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों पर मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी करने, पुलिस हिरासत से फरार होने और इंदौर में चेन स्नेचिंग की घटनाओं में शामिल रहने के आरोप हैं। रोहन 12वीं पास है और इंदौर में कार पेंटर का काम करता है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी आईपीएल सट्टे और अपने खर्च पूरे करने के लिए चेन स्नेचिंग जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे थे। दोनों आरोपी इंदौर में किराये का कमरा लेकर रह रहे थे और जल्द वहां लौटने वाले थे, लेकिन उससे पहले पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### इनकी रही अहम भूमिका

मामले के खुलासे में एएसआई सुरेंद्र श्रीवास्तव, हेड कांस्टेबल हरप्रसाद पटेल, कुलदीप सिंह भदौरिया, आरक्षक प्रदीप मालवीय, वीरेंद्र राजपूत, महिला आरक्षक वैशाली परते और साइबर सेल के आरक्षक कमलेश सिंह परिहार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

# टीईटी परीक्षा पर 18 को पीएम के नाम मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को हरदा स्थित सरस्वती शिशु वाटिका में हुई। इस बैठक में टीईटी परीक्षा से संबंधित मांगों को लेकर प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के नाम 18 जून को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। बैठक का शुभारंभ भारत माता और मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। शिक्षिका रीता कुशवाहा और ज्योति भाटिया ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। प्रांतीय महिला सह-प्रमुख भगवती सिंह प्रांतीय प्रतिनिधि के रूप में मुख्य अतिथि थीं। विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र उपाध्याय, मिलन कुमार वाजपेयी, सेवानिवृत्त शिक्षक संगठन के पूर्व अध्यक्ष जी.आर. चौरसिया और संगठन के पूर्व संभागीय कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार शाह शामिल थे। उपस्थित शिक्षक साथियों ने अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया। संगठन के जिलाध्यक्ष गणेश पटवारे ने संगठन की गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रांतीय निर्देशानुसार, टीईटी परीक्षा संबंधी मांगों को लेकर 18 जून 2026 को प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। अतिथियों ने अपने उद्बोधनों में शिक्षक-शिक्षिकाओं को संगठन की कार्यप्रणाली, गतिविधियों और नीतियों से अवगत कराया। मुख्य अतिथि भगवती सिंह ने उज्जैन में आयोजित होने वाले प्रांतीय संघ के तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग की विस्तृत जानकारी भी दी। कार्यक्रम का संचालन गजानंद मालवीय ने किया, और हरिओम महागाए ने आभार प्रदर्शन किया।

जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

# युवाओं व सामाजिक संस्थाओं से जुड़े 25 लोगों ने रक्तदान किया

डॉ. एचपी सिंह ने उपस्थित लोगों को हर तीन महीने में रक्तदान करने की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रविवार को जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं और सामाजिक संस्थाओं से जुड़े 25 से अधिक लोगों ने स्वेच्छिक रक्तदान किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. एचपी सिंह ने उपस्थित लोगों को हर तीन महीने में रक्तदान करने की शपथ दिलाई। डॉ. सिंह ने बताया कि विश्व रक्तदाता दिवस दुनिया भर में रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देने और स्वैच्छिक रक्तदाताओं को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। यह दिन उन लोगों के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर भी है, जो अपने रक्तदान से अनगिनत जिंदगियों को बचाने में योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराना और लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना था। रक्तदान को महादान कहा जाता है, फिर भी बड़ी संख्या में लोग इससे दूरी बनाए हुए हैं। इसका मुख्य कारण रक्तदान को लेकर फैला डर, गलत धारणाएं और जागरूकता का अभाव है। दुर्घटनाओं में घायल मरीजों, प्रसूताओं, थैलेसीमिया, कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के उपचार के लिए लगातार रक्त की आवश्यकता होती है।

# नलों से पानी गायब, टैंकर 500 में, विभागों का समन्वय नहीं, सप्लाई के समय कट रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

नगरीय क्षेत्र में प्री-मानसून की बारिश के बावजूद गंभीर जलसंकट पैदा हो गया है। सरकारी विभागों के बीच समन्वय की कमी के कारण शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आलम यह है कि जब नलों में पानी सप्लाई का समय होता है, तब बिजली गुल हो जाती है और बिजली आने पर पानी नहीं आता। पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे लोग अब 500 रुपए देकर निजी टैंकर मंगवाने को मजबूर हैं।

नगर पालिका प्रशासन ने शहर में एक दिन छोड़कर पानी सप्लाई करने का दावा किया था, जो पूरी तरह से खोखला साबित हुआ है। कागजों



में भले ही नियमित जल आपूर्ति दर्ज की जा रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। नागरिक घंटों खाली बर्तन लेकर पानी का इंतजार करते हैं, लेकिन नलों से पानी नहीं आता।

बिजली और जल प्रदाय विभागों के बीच तालमेल के अभाव ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। इस कुप्रबंधन के कारण शहरवासियों में प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश है।

### निजी टैंकर संचालकों की हुई चांदी, 500 रुपए तक वसूली

शहर में जलसंकट गहराने के कारण निजी पानी टैंकरों की मांग अचानक बढ़ गई है। इसका फायदा उठाते हुए निजी टैंकर संचालक मनमाने दाम वसूल रहे हैं और आम जनता को एक टैंकर पानी के लिए 500 रुपए तक चुकाने पड़ रहे हैं। पानी खरीदकर पीने की मजबूरी ने आम जनता पर आर्थिक बोझ काफी बढ़ा दिया है।

# पीछे से आए ट्रैक्टर-ट्रॉली ने दूसरे वाहन में टक्कर मारी,रास्ते में खंभे से टकराकर रुका, बड़ा हादसा टला



**सीहोर।** जिले के इछावर क्षेत्र में रेत माफिया की मनमानी के कारण सड़कों पर खतरा बढ़ गया है। हाल ही में, रेत से भरी एक अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली ने स्टेट हाईवे पर खड़ी एक अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली अपने आप स्टार्ट हो गई और बिना ड्राइवर के ही आगे बढ़ने लगी। यह ट्रैक्टर सीधे सामने स्थित एक रिहायशी मकान की ओर तेजी से बढ़ा। गनीमत रही कि मकान में घुसने से ठीक पहले ट्रैक्टर एक बिजली के खंभे से टकराकर रुक गया। यदि यह खंभा बीच में न होता, तो ट्रैक्टर सीधे मकान की दीवारें तोड़कर अंदर घुस जाता, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था।

यह इछावर में रेत माफिया से जुड़ी पहली घटना नहीं है। नगर के घनी आबादी वाले इलाकों और भीड़भाड़ वाले बाजारों से रेत से भरे डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली अक्सर तेज रफ्तार से गुजरते हैं। नियमानुसार आबादी वाले क्षेत्रों में वाहनों की गति धीमी होनी चाहिए, लेकिन इन ड्राइवरों द्वारा नियमों का पालन नहीं किया जाता। इसी तेज रफ्तार के कारण इछावर में पहले भी कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। स्थानीय निवासियों में इस घटना के बाद प्रशासन और रेत माफिया के कथित गठजोड़ को लेकर रोष है।

लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इन अवैध और तेज रफ्तार वाहनों के शहर में प्रवेश पर रोक नहीं लगाई गई या इनकी गति पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो इछावर की जनता आंदोलन करने पर मजबूर होगी। प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं कि इस स्थिति पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है।